राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से मुख्यमंत्री की मुलाकात

जयपुर, 25 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को सांय यहां राजभवन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्यमंत्री श्री गहलोत की यह शिष्टाचार भेंट थी। यह मुलाकात लगभग एक घंटे तक चली। राज्यपाल श्री मिश्र और मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने एक–दूसरे को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल से केन्द्रीय मंत्री मिले

जयपुर, 25 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को यहां राजभवन में केन्द्रीय राज्य (स्वतन्त्र प्रभार) आयुष विभाग मंत्री श्री श्रीपद येस्सो नाइक मिले। श्री मिश्र से केन्द्रीय राज्य मंत्री की यह शिष्टाचार भेंट थी।

दीपावली पर्व

राज्यपाल की दीपावली पर शुभकामनाएं

–

जयपुर, 25 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दीपावली पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि '' दीपावली प्रकाश का उत्सव है। दीपावली प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली लाये और सभी के मन को प्रफुल्लित करे, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं।''

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' हमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर जीवन में उजियारा लाना है। दीपमालिका का यह अभिनव त्यौहार है। दीपावली पर्व पर सभी के जीवन में अनंत खुशियाँ, मानवीय संवेदना और राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार हो, ऐसी मेरी कामना है। ''

दीपावली पर्व

राज्यपाल ने मिठाई बांटी

—

जयपुर, 25 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने शुक्रवार को यहां राजभवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को दीपावली पर्व पर बधाई दी और उन्हें मिठाई वितरित की। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारीगण मौजूद थे।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान